पेज थ्री देहरादून

देहरादून शुक्रवार 14 अगस्त 2020 पेज 8

हमारा दून

मुख्यमंत्री एवं पंचायतीराज मंत्री राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार देते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पत्रकार ठाकुर सुक्खन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर सुक्खन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, लोस अध्यक्ष व भाजपा अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल की जिला इकाई देहरादून ने विधान सभा सचिव की स्थाई नियुक्ति एवं कोई भी नियुक्ति निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत किये जाने के लिये विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड को निर्देशित किए जाने बाबत जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को ज्ञापन प्रेषित किया। आज जिलाध्यक्ष विजय कुमार बौड़ाई के नेतृत्व में कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा जैसी सर्वोच्च संस्था में नियमों का पालन न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### वाहन दुर्घटना में लापता वाहन चालक के सम्बंध में एडीएम से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। बीते रोज रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर हुई वाहन दुर्घटना में लापता नारी गांव निवासी वाहन चालक राकेश रावत व वाहन की खोजबीन को लेकर नारी गांव के ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीण जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे थे लेकिन उनके कार्यालय में मौजूद न होने के कारण अपर जिलाधिकारी रामजी शरण से मुलाकात की। इस अवसर पर ग्रामीणों का कहना है कि घटना के चौबीस घन्टे बीत जाने के बाद भी जल पुलिस व गोताखोर घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं जिससे ग्रामीणों व परिजनों में रोष है। इस मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### फोर्ड ने फ्रीस्टाईल फ्लेयर एडिशन के साथ फेस्टिव सीजन का स्वागत किया

**संवाददाता** देहरादून। आगामी फेस्टिव सीजन की खुशी बढ़ाते हुए फोर्ड इंडिया ने अपनी फोर्ड फ्रीस्टाईल मॉडल श्रृंखला का विस्तार कर उसमें नया टॉप–ऑफ–द–लाईन वैरिएंट, फ्रीस्टाईल फ्लेयर शामिल किया है। नए फ्रीस्टाईल फ्लेयर का पेट्रोल वैरिएंट 7,69,000 रु. तथा डीजल पॉवर्ड वैरिएंट 8,79,000 रु. के आकर्षक शुरुआती मूल्य में मिलेगा। ट्रेंडी नई फ्रीस्टाईल फ्लेयर में इन खूबियों को और बेहतर बनाया गया है तथा यूटिलिटी वाहन प्रेमियों द्वारा आगामी फेस्टिव सीजन में खरीदे जाने के लिए यह एक बहुत ही उत्तम वाहन है।''

# जन प्रतिनिधियों का कार्य के प्रति विजन स्पष्ट होना चाहिए

**सम्मानित**

■ मुख्यमंत्री एवं पंचायतीराज मंत्री ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों को किया सम्मानित




**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं पंचायतीराज मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने गुरूवार को सचिवालय में 2019 एवं 2020 में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया। इस पुरस्कार योजना के तहत उत्तराखण्ड से 2020 में 10 पंचायते एवं 2019 में 09 पंचायते पुरस्कार के लिए चयनित हुई। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत 2019 एवं 2020 देश में प्रतिवर्ष 306 पंचायतों का पुरस्कार के लिए चयन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष देहरादून श्रीमती मधु चौहान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख लक्सर संजय कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर, ई. राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, ग्राम प्रधान मारखम ग्राण्ट, डोईवाला श्रीमती अमरजीत कौर, प्रधान ग्राम पंचायत टिहरी डोबनगर, श्रीमती सुनीता राणा पंवार, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खेलड़ी, बहादराबाद रूपेश कुमार, ग्राम प्रधान केदारवाला, विकासनगर श्रीमती तबसुम्म परवीन, पूर्व प्रमुख क्षेत्र पंचायत, नरेन्द्र नगर श्रीमती विनीता बिष्ट, ग्राम प्रधान पंचायत डाकपत्थर सुबोध गोयल, पूर्व ग्राम प्रधान बमराड़ कालसी रणवीर सिंह चौहान, पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नेवी, कालसी आदि को सम्मानित किया गया।

**पंचायतों के नवोन्मेषी कार्यों का परिणामः** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य के लिए सौभाग्य की बात है कि दोनों वर्षों में उत्तराखण्ड की पंचायतों ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर पुरस्कार प्राप्त किये। यह पंचायतों के नवोन्मेषी कार्यों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे यह हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। इसमें पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ग्राम स्वराज को मजबूती देने का कार्य किया है। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिया है। आज विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों के खातों में डिजिटल माध्यम से पैसा पहुंच रहा है। पंचायतों में पारदर्शिता के तहत कार्य हो रहे हैं। वास्तविक हकदार तक पैसा पहुंचाने के लिए ठोस व्यवस्था की गई है। आज देश में 40 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन प्रतिनिधियों का कार्य के प्रति विजन स्पष्ट होना चाहिए। पंचायतों को कैसे और मजबूत किया जा सकता है, इसके लिए सुनियोजित तरीके से कार्य करना जरूरी है। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अहम भूमिका निभाई है। कोरोना का सबसे बड़ा बचाव सतर्कता है। पंचायतों ने लोगों को सजग एवं सतर्क रखने में पूरा सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान ग्राउण्ड लेबल पर कार्य कर रहे, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एनएम, स्वच्छता कर्मियों एवं पुलिस का उनके सराहनीय कार्यों के लिए उत्साहवर्द्धन जरूर करें।

### राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए पंचायतों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी पंचायतीराज मंत्री

पंचायतीराज मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखण्ड की पचायतों ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत विभिन्न मापदण्डों के आधार पर दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार, नानाजी देशमुख राष्ट्रीय ग्राम सभा पुरस्कार, बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार एवं ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार प्राप्त किये हैं। आज राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए पंचायतों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। उन्होंने पुरस्कृत होने वाली सभी पंचायतों को बधाई देते हुए कहा कि आगे हम पंचायतों को कैसे और विकसित कर सकते हैं, इस पर विशेष ध्यान देना होगा।

# व्यापारियों ने की कुंभ मेला सकुशल सम्पन्न कराने की मांग

**प्रदर्शन**

■ कुंभ मेला व्यवस्थित ढंग से आयोजित नहीं हुआ तो व्यापारियों के लिए होगी बड़ी मुसीबत




हरिद्वार। **संवाददाता**

व्यापारियों ने महाकुंभ मेले को सकुशल समय पर सम्पन्न कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। श्री गुरु गोरक्षनाथ व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय त्रिवाल ने कहा कि सनातन परंपराओं का अद्भुत संगम महाकुंभ मेले में देखने को मिलता है। देश दुनिया से संत महापुरुषों के साथ साथ श्रद्धालु भक्त धर्मनगरी में धार्मिक क्रियाकलापों में हिस्सा लेते हैं और मेले के दौरान व्यापारी वर्ग को भी रोजी रोटी के लिए संचार उत्पन्न होता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों का सौन्दर्यीकरण प्रमुखता से होना चाहिए। यदि कुंभ मेला व्यवस्थित ढंग से नहीं लगता तो व्यापारियों के लिए बहुत बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी, क्योंकि व्यापारी पहले ही टूटकर बेहाल हुआ बैठा हैं और अब कुंभ मेला भी नहीं लगेगा तो व्यापारी आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएगा।

जिला उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंघल ने कहा कि पौराणिक सिद्ध पीठों व मठ मंदिरों के सौन्दर्यीकरण के काम भी तेजी के साथ किए जाएं। महाकुंभ मेला हिन्दुओं की आस्था का पर्व है, गंगा मां के आशीर्वाद से महाकुंभ मेला निर्विघ्न संपन्न होना चाहिए।

हरिद्वार का व्यापारी कोरोना संकट के कारण भुखमरी की कगार पर हैं। जिस प्रकार से सावन मेला न कराकर प्रशासन अपनी पीठ थपथपा रहा है, पर उनको जानकारी होनी चाहिए कि इससे व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ा है थोड़ी सी जो संजीवनी व्यापारी को मिलनी थी, वह भी व्यापारी के हाथ कुछ न लग पाया। गोरक्षनाथ व्यापार मण्डल के महामंत्री विशाल गोस्वामी ने कहा कि सामाजिक संगठन, व्यापारी, संत महापुरुष महाकुंभ मेले को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान देते चले आ रहे हैं।

### सरकार का विकास मॉडल सिर्फ मैदानी क्षेत्रों तक सिमटा

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजू मौर्य ने कहा कि उत्तराखंड सरकार का विकास मॉडल केवल मैदानी क्षेत्रों तक सिमट कर रह गया है जो चिंता का विषय है पहाड़ों का व्यापक स्तर पर विकास किये जाने की जरूरत है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पहाड़ों पर जीवनयापन की स्थिति उत्तर प्रदेश के समय से भी अधिक बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा अपनी सर्वोच्च बदहाली पर है। दुसरे राज्यों से उत्तराखंड वापस लौटे प्रवासियों के जीवनयापन और रोजगार के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जहां पहाड़ी राज्य मे पुरे पर्वतीय क्षेत्र मे एक भी हाई सेन्टर अस्पताल नहीं है वहीं एम्स मे ऐयरवैन की शुरूआत अपने–आप में पहाड़ की उपेक्षा है। यह सरकार की पहाड़ों पर नही केवल मैदानों पर विकास की सोच को भी उजागर करता है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।